**वेबसाइट**:www.bankofbaroda.in **ईमेल:**corp.pr@bankofbaroda.com

स्थान: मुंबई तारीख: 09.10.2023

**प्रेस विज्ञप्ति**

# बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने रिटेल मीयादी जमाराशि की ब्याज दरों में किया बदलाव

**9 अक्टूबर, 2023:** भारत के अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में से एक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा (बैंक), ने आज एनआरओ और एनआरई मीयादी जमा सहित घरेलू रिटेल मीयादी जमा की ब्याज दरों में 3 साल तक की विभिन्न अवधियों के लिए 50 बेसिस पॉइंट्स तक की बढ़ोत्तरी का ऐलान किया है । ये दरें 2 करोड़ रुपये से कम की जमाराशियों पर 9 अक्टूबर, 2023 से लागू होंगी।

बैंक आम नागरिकों के लिए प्रति वर्ष 7.40% तक और वरिष्ठ नागरिकों के लिए प्रति वर्ष 7.90% तक की ब्याज दरों की पेशकश कर रहा है, जिसमें वरिष्ठ नागरिकों के लिए 0.50% प्रति वर्ष और गैर–प्रतिदेय जमाराशियों पर 0.15% अतिरिक्त ब्याज शामिल है। बैंक ने 399 दिनों के लिए अपनी तिरंगा प्लस जमा योजना पर भी ब्याज दरों में बदलाव किया है। इस योजना के तहत वरिष्ठ नागरिकों को गैर–प्रतिदेय जमाराशियों पर 7.80% प्रति वर्ष की दर से ब्याज मिलेगा।

**बैंक ऑफ़ बड़ौदा के मुख्य महाप्रबंधक, खुदरा देयताएं और एनआरआई व्यवसाय, श्री रवींद्र सिंह नेगी ने बताया**, "हम ग्राहकों को आकर्षक ब्याज दरों की पेशकश करते हुए खुश हो रही है, जिससे वे एक उच्च सुनिश्चित रिटर्न प्राप्त करने में सक्षम होंगे। 2 से 3 साल की निवेश अवधि में, वरिष्ठ नागरिक जमाकर्ता अब प्रति वर्ष 7.90% तक अर्जित कर सकते हैं, जो इस उद्योग में सर्वश्रेष्ठ है। यह मौजूदा और नए ग्राहकों के लिए भारत के अग्रणी बैंकों में से एक में नई जमाराशियां रखने और अपनी जमा राशि पर उच्च ब्याज दर प्राप्त करने का एक उपयुक्त समय है।"

बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने अपने उत्सव अभियान ***"बीओबी के संग त्यौहार की उमंग"*** को शुरू किया है और *बॉब लाइट बचत खाता, बॉब बीआरओ बचत खाता, मेरा परिवार मेरा बैंक/बीओबी परिवार खाता, बड़ौदा एनआरआई पावरपैक खाता और बीओबी एसडीपी (व्यवस्थित जमा योजना)* जैसी नई योजनाएं भी शुरू की हैं, जो विभिन्न ग्राहक वर्गों को कई प्रकार के लाभ प्रदान करेगा। इस उत्सव अभियान को 31 दिसंबर, 2023 तक चलाया जाएगा और इसके लिए बैंक को ग्राहकों से उत्साहजनक प्रतिसाद प्राप्त हो रहा है। उपरोक्त योजनाओं के साथ, ग्राहक अब अपनी जमा की गई राशि पर अधिक ब्याज प्राप्त कर सकते हैं।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने इससे पहले भी मई 2023 और मार्च 2023 में रिटेल मियादी जमा ब्याज दरों को बढ़ाया था।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा के मौजूदा और नए ग्राहक इस पेशकश का फ़ायदा उठाने के लिए भारत में बैंक की किसी भी शाखा के जरिए एक नया एफडी खाता खोल सकते हैं। मौजूदा ग्राहकों द्वारा बैंक के मोबाइल ऐप (बॉब वर्ल्ड)/नेट बैंकिंग (बॉब वर्ल्ड इंटरनेट) के जरिए भी ऑनलाइन एफडी भी खोली जा सकती है।

**बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने निम्नलिखित अवधि के लिए सावधि जमाराशि की ब्याज दरों में बदलाव किया है:**

**रु. 2.00 करोड़ से कम एनआरओ सहित मीयादी जमा राशि (नयी और नवीकृत) – (प्रतिदेय), दिनांक 09.10.2023 से प्रभावी**

| अवधि | निवासी/ आम नागरिक | | निवासी भारतीय वरिष्ठ नागरिक | | बढ़ोत्तरी/कमी |
|---|---|---|---|---|---|
| | पुरानी दर (%प्रति वर्ष) | नई दर (% प्रति वर्ष) (09.10.2023 से प्रभावी) | पुरानी दर (% प्रति वर्ष) | नई दर (% प्रति वर्ष) (09.10.2023 से प्रभावी) | |
| 15 दिन से 45 दिन | 3.00 | 3.50 | 3.50* | 4.00* | +50bps |
| 46 दिन से 90 दिन | 4.50 | 5.00 | 5.00* | 5.50* | +50bps |
| 91 दिन से 180 दिन | 4.50 | 5.00 | 5.00* | 5.50* | +50bps |
| 181 दिन से 210 दिन | 5.25 | 5.50 | 5.75* | 6.00* | +25bps |
| 211 दिन से 270 दिन | 5.75 | 6.00 | 6.25* | 6.50* | +25bps |
| 271 दिन से 1 वर्ष से कम | 5.75 | 6.25 | 6.25* | 6.75* | +50bps |
| 2 साल से अधिक 3 साल तक | 7.05 | 7.25 | 7.55* | 7.75* | +20bps |
| बड़ौदा तिरंगा प्लस - 399 दिन | 7.25 | 7.15 | 7.75* | 7.65* | -10bps |
| (* निवासी वरिष्ठ नागरिक हेतु अतिरिक्त ब्याज दर 0.50% सहित) | | | | | |

निवासी भारतीय वरिष्ठ नागरिकों हेतु 3 वर्ष से अधिक और 5 वर्ष तक की मियादी जमाराशि के लिए 0.50+0.15 (65 बेसिस पॉइंट्स) की अतिरिक्त ब्याज दर और 5 वर्ष से अधिक और 10 वर्ष तक की मियादी जमा के लिए 0.50%+0.50% (100 बेसिस पॉइंट्स) अतिरिक्त ब्याज दर।

**रु. 2 करोड़ से कम राशि की एनआरई मीयादी जमाराशि (रूपी) {प्रतिदेय} के लिए ब्याज दर दिनांक 09.10.2023 से प्रभावी**

| अवधि | पुरानी दर (% प्रति वर्ष) | नई दर (%प्रति वर्ष) (09.10.2023 से प्रभावी) | बढ़ोत्तरी/कमी |
|---|---|---|---|
| 2 वर्ष से अधिक 3 वर्ष तक | 7.05 | 7.25 | +20bps |
| बड़ौदा तिरंगा प्लस - 399 दिन | 7.25 | 7.15 | -10bps |

**बड़ौदा एडवांटेज सावधि जमा (एनआरओ, एनआरआई (टीडी) खातों (गैर-प्रतिदेय सहित)) ब्याज दर % (न्यूनतम एकल जमा रु. 15.01 लाख अथवा रु. 2 करोड़ से कम) [नया एवं नवीकृत] दिनांक 09.10.2023 से लागू**

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda

| अवधि | निवासी/ आम नागरिक एनआरओ, एनआरई (टीडी) सहित | | निवासी भारतीय वरिष्ठ नागरिक | | बढ़ोत्तरी/कमी |
|---|---|---|---|---|---|
| | पुरानी दर (% प्रति वर्ष) | नई दर (% प्रति वर्ष) (09.10.2023 से प्रभावी) | पुरानी दर (% प्रति वर्ष) | नई दर (% प्रति वर्ष) (09.10.2023 से प्रभावी) | |
| 1 वर्ष | 7.00 | 6.90 | 7.50* | 7.40* | -10bps |
| 1 वर्ष से अधिक 400 दिन तक | 7.00 | 6.90 | 7.50* | 7.40* | -10bps |
| 400 दिन से अधिक 2 वर्ष तक | 7.00 | 6.90 | 7.50* | 7.40* | -10bps |
| 2 वर्ष से अधिक 3 वर्ष तक | 7.30 | 7.40 | 7.80* | 7.90* | +10bps |
| 3 वर्ष से अधिक 5 वर्ष तक | 6.75 | 6.65 | 7.40# | 7.30# | -10bps |
| 5 वर्ष से अधिक 10 वर्ष तक | 6.75 | 6.65 | 7.75** | 7.65** | -10bps |
| बड़ौदा तिरंगा प्लस - 399 **दिन** | 7.40 | 7.30 | 7.90* | 7.80* | -10bps |

*3 वर्ष से अधिक और 5 वर्ष तक मियादी जमा हेतु (अतिरिक्त ब्याज दर 0.50% सहित*; # अतिरिक्त ब्याज दर 0.50 +0.15 (65 बेसिस प्वाइंट) सहित, ** वरिष्ठ नागरिकों हेतु 5 वर्ष से अधिक और 10 वर्ष तक मियादी जमा हेतु अतिरिक्त ब्याज दर 0.50%+0.50% (100 बेसिस प्वाइंट) सहित*
*## दिनांक 09.10.2023 से गैर-प्रतिदेय (बड़ौदा एडवांटेज) मियादी जमाराशियों पर देय अतिरिक्त ब्याज दर को मौजूदा 0.25% से घटाकर 0.15% कर दिया गया है।*

बैंक ने विभिन्न अवधियों हेतु थोक जमा ब्याज दरों में (रु. 2 करोड़ से रु. 10 करोड़ तक की जमाराशियों हेतु) 1% (100 बेसिस पॉइंट्स) तक की बढ़ोतरी की है।

अधिक जानकारी के लिए: https://www.bankofbaroda.in/interest-rate-and-service-charges/deposits-interest-rates पर जाए

**About Bank of Baroda**

Founded on 20th July, 1908 by Sir Maharaja Sayajirao Gaekwad III, Bank of Baroda is one of the leading commercial banks in India. At 63.97% stake, it is majorly owned by the Government of India. The Bank serves its global customer base of ~165 million through over 70,000 touch points spread across 17 countries in five continents. Through Its state-of-the-art digital banking platforms, it provides all banking products and services in a seamless and hassle-free manner. The Bank's bob World mobile app provides customers with a saving, investing, borrowing, and shopping experience, all under one single app. The app also serves non-customers by enabling account opening through video KYC. The Bank's vision matches its diverse clientele base and instils a sense of trust and security. It is moving well in that direction and bob World is a testimony of its roadmap towards Digital Transformation.

- Visit us at www.bankofbaroda.in
- Facebook https://www.facebook.com/bankofbaroda/
- Twitter https://twitter.com/bankofbaroda
- Instagram https://www.instagram.com/officialbankofbaroda/
- YouTube https://www.youtube.com/channel/UCdf14FHPLt7omkE9CmyrVHA
- LinkedIn https://www.linkedin.com/company/bankofbaroda/

**For media queries, please contact:**
Bank of Baroda: Phiroza Choksi | +91 9820363681 | corp.pr@bankofbaroda.com
Perfect Relations: Sneha Joshi | +91 9833004482 | Sneha.Joshi@dentsu.com